व्यापार

**मैजिस्टिक एक्सपोर्ट के साथ हुआ बेनिन की कंपनी गबोबा का करार**

# मेरठ से वेस्ट अफ्रीका में सप्लाई हो रहीं दवाएं

माई सिटी रिपोर्टर

**मेरठ।** शहर से विदेश तक दवा कारोबार रफ्तार पकड़ रहा है। अभी वेस्ट अफ्रीका के देशों में यहां से दवाएं सप्लाई हो रही हैं। आने वाले दिनों में उज्बेकिस्तान में दवाओं की आपूर्ति की जाएगी। शहर की दवा कंपनी मैजिस्टिक एक्सपोर्ट वेस्ट अफ्रीका के चार देशों में दवाएं सप्लाई की जा रही हैं। दुबई में आयोजित अरब हेल्थ समिट में मेरठ के मैजिस्टिक एक्सपोर्ट का वेस्ट अफ्रीका के देश बेनिन की कंपनी गबोबा साल के साथ करार हुआ है। इसके अलावा उज्बेकिस्तान में भी दवा सप्लाई करने के लिए बात चल रही है।

दरअसल, खेल, ट्रांसफार्मर, ट्रैक्टर पाट्र्स, कारपेट के बाद अब दवाओं का कारोबार भी



अन्य देशों में लगातार बढ़ रहा है। इससे जिले के साथ प्रदेश के राजस्व में बढ़ोतरी हो रही है।

मैजिस्टिक एक्सपोर्ट आईएनसी डायरेक्टर हेमंत चौहान ने बताया कि मेरठ से नाइजीरिया, लीबिया, घाना और कंबोडिया में दवाएं सप्लाई की जा रही हैं। अब दुबई में आयोजित अरब हैल्थ समिट में बेनिन की कंपनी गबोबा के साथ करार से यह कारोबार और बढ़ सकेगा। इस करार पर डॉ. रेफेल याओ और हेमंत चौहान ने हस्ताक्षर किए हैं। पहला टेंडर 50 करोड़ रुपये का मिला है। हेमंत चौहान ने बताया कि वह मर्चेंट एक्सपोर्टर हैं।

वेस्ट अफ्रीका के देशों में एलोपैथी दवाएं सप्लाई की जाएंगी। इसमें मलेरिया, न्यूरोलॉजी, फेफड़े, कार्डियो आदि की दवाएं अधिक हैं। चौहान ने बताया कि वर्ष 2020 में कोविड के समय कारोबार शुरू किया और अब सालाना कारोबार 22 करोड़ का हो गया है। अब उज्बेकिस्तान में भी दवा सप्लाई के लिए बातचीत चल रही है।